


RNI No.: UPHIN/25/A1697
GARVI GUJARAT
# गरवी गुजरात
गरवी गुजरात
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 242
दि. 02.01.2026,
शुक्रवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा


## आपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ के हथियारों की निर्णायक भूमिका सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है : रक्षा मंत्री

**श्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ मुख्यालय का दौरा किया; संगठन से नवाचार पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया**

**रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि डीआरडीओ जल्द ही सुदर्शन चक्र का निर्माण कर लेगा**

(जीएनएस)।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 1 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ मुख्यालय के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने दौरे के दौरान कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के प्रति संगठन की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों/उपकरणों से लैस करके भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए डीआरडीओ की सराहना की करते हुए उन्होंने कहा डीआरडीओ के उपकरणों ने इस ऑपरेशन के दौरान निर्बाध रूप से काम किया, जिससे सैनिकों का मनोबल बढ़ा।

रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस 2025 के अपने संबोधन में घोषित सुदर्शन चक्र के निर्माण में डीआरडीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, 'इस पहल के तहत डीआरडीओ अगले दशक में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने के लिए जिम्मेदार है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आधुनिक युद्ध में वायु रक्षा के महत्व को देखा। मुझे विश्वास है कि डीआरडीओ इस लक्ष्य को जल्द ही हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करेगा।'

श्री राजनाथ सिंह ने प्रौद्योगिकी के सृजन के साथ-साथ विश्वास निर्माण में डीआरडीओ की भूमिका की भी सराहना की, जिसके कारण लोग आशा, विश्वास और निश्चय के साथ इस संगठन की ओर देखते हैं। निजी क्षेत्र के साथ डीआरडीओ के सहयोग को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि उद्योग, शिक्षा जगत और स्टार्टअप्स के साथ बढ़ी सहभागिता से एक समन्वित रक्षा इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा, 'डीआरडीओ ने अपनी प्रणालियों, प्रक्रियाओं और कार्यप्रणाली में लगातार सुधार किया है। खरीद से लेकर परियोजना प्रबंधन तक, उद्योग जगत सहभागिता से लेकर स्टार्टअप्स और एमएसएमई के साथ सहयोग- कार्य को सरल, तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए स्पष्ट प्रयास दिखाई देते हैं।'

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ से तेजी से विकसित हो रहे प्रौद्योगिकीय इकोसिस्टम के साथ तालमेल बिठाकर आगे बढ़ते रहने और बदलते समय के अनुरूप



उत्पाद लाते रहने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन से नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने वाले अधिक क्षेत्रों की पहचान करने का आग्रह किया। डीआरडीओ द्वारा गहन प्रौद्योगिकी और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रगति से न केवल राष्ट्र की क्षमताओं में वृद्धि होगी, बल्कि रक्षा इकोसिस्टम भी मजबूत होगा।

श्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान युग केवल विज्ञान का नहीं, बल्कि निरंतर विकास और सीखने का युग है। उन्होंने कहा कि इस बदलती दुनिया में प्रौद्योगिकी स्कैनिंग, क्षमता आकलन और भविष्य की तैयारी अब केवल शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'दुनिया हर दिन बदल रही है। प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा नए युद्ध क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे कल का ज्ञान अप्रचलित हो रहा है। हमें कभी यह नहीं मानना चाहिए कि सीखने की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। हमें निरंतर सीखते रहना चाहिए और खुद को चुनौती देते रहना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके।'

बैठक के दौरान रक्षा मंत्री को रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने चल रही अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, 2025 में संगठन की उपलब्धियों, उद्योग, स्टार्टअप और शिक्षा जगत को बढ़ावा देने की विभिन्न पहलों तथा 2026 के रोडमैप के बारे में जानकारी दी। श्री राजनाथ सिंह को 2026 के लिए निर्धारित प्रमुख लक्ष्यों और संगठन की बेहतरी के लिए डीआरडीओ द्वारा किए जा रहे विभिन्न सुधारों से अवगत कराया गया।

## नये साल में योगी सरकार प्रदेश की जनता को दे रही 10 बड़ी सौगातें, नौकरी से निवेश से इससे मिलेगी विकास को रफ्तार

लखनऊ (जीएनएस)।

नए साल पर यूपी को 10 बड़ी सौगातें मिलेंगी। 1.5 लाख सरकारी नौकरियां युवाओं के सपनों को उड़ान देंगी। एक करोड़ यात्री क्षमता सालाना वाले जेवर एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होंगी। 36,230 करोड़ रुपये से बना गंगा एक्सप्रेसवे आर्थिक विकास को पंख देगा।



उत्तर प्रदेश के लिए वर्ष 2026 नई उम्मीदों और शानदार बदलावों का साल साबित होगा। युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरियों से लेकर गंगा एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट, पांचवां भूमि पूजन समारोह, वैश्विक निवेश, स्वास्थ्य और सुरक्षा क्षेत्र में प्रदेश को 10 बड़ी सौगातें मिलेंगी। ये न सिर्फ प्रदेश के आर्थिक विकास को रफ्तार देंगी, बल्कि आम लोगों का जीवन भी सुविधाजनक बनाएंगी।

**युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी**

वर्ष 2026 में पुलिस विभाग 30 हजार आरक्षी, 5000 सब इंस्पेक्टरों की भर्ती करेगा। इसके अलावा 15 हजार विभिन्न पदों पर भर्ती होगी। शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक से लेकर प्रधानाचार्य तक के 50 हजार पदों पर भर्तियां होंगी। राजस्व विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी। वहीं, कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों में 30 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी।

**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा देश का जेवर**

दिल्ली से सटे जेवर में जल्द ही देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने की उम्मीद है। ये एयरपोर्ट 3300 एकड़ जमीन पर 7000 करोड़ रुपये की लागत से बना है। ये एक रनवे के साथ शुरू होगा।

भविष्य में इसमें पांच रनवे होंगे। यह एयरपोर्ट सालाना एक करोड़ यात्रियों की क्षमता का होगा, जबकि हर दिन औसतन 150 उड़ानें संचालित होंगी।

**आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ाएगा गंगा एक्सप्रेसवे**

इस साल राज्य की सबसे लंबी और महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना गंगा एक्सप्रेसवे शुरू होगा। यह एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा का समय घटाएगा, बल्कि राज्य के आर्थिक विकास की रफ्तार भी बढ़ाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे करीब 594 किमी लंबा है, जो मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। यह एक्सप्रेसवे राज्य के 12 जिलों और 518 गांवों से गुजरेगा। इसके निर्माण में 36230 करोड़ रुपये खर्च हुए।

**पांचवें भूमि पूजन समारोह से जमीन पर उतरेगा निवेश**

वर्ष 2026 की शुरूआत में ही सरकार पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की तैयारी में हैं। इसके जरिये 5 लाख करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं जमीन पर उतारी जाएंगी। सरकार ने दोनों कार्यकाल में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिये 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतारकर 60 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी व रोजगार प्रदान किया है।

**वैश्विक निवेश सम्मेलन से व्यापक निवेश आएगा**

योगी सरकार साल 2026 में एक और वैश्विक निवेशक सम्मेलन कराने पर विचार कर रही है। साल 2023 में 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को देखते हुए 2026 में यह आयोजन अधिक भव्य हो सकता है। इसके लिए औद्योगिक विकास विभाग और इन्वेस्ट यूपी ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है।

**निवेश मित्र 3.0 देगा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को गति**

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को रफ्तार देने के लिए ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम का अगला संस्करण निवेश मित्र 3.0 वर्ष 2026 में सबके सामने होगा। इसमें कई नवाचारों को जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक निवेशक हितैषी हो सके।

**आयुष अस्पतालों में होंगी 53 तरह की सर्जरी**

मरीजों को प्रदेश के आयुष अस्पतालों में सर्जरी की सुविधा इसी साल मिलनी शुरू होगी। इससे जहां एलोपैथ अस्पतालों में मरीजों का दबाव कम होगा। वहीं, मरीजों को छोटी-मोटी सर्जरी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**दवाओं की कालाबाजारी रोकेंगे सख्त नियम**

कोडीनयुक्त कफ सिरप और एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार सख्त नियम बनाएगी। इसके लिए एफएसडीए मुख्यालय ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव के मुताबिक, दवाओं के थोक प्रतिष्ठानों की जियो टैगिंग, भंडारण क्षमता, खरीद-बिक्री के विवरण के फोटो और वीडियो भी रखने होंगे।

**साइबर ठगी रोकने को कॉल सेंटर की क्षमता बढ़ेगी**

साइबर ठगी और अपराध पर लगाम के लिए कॉल सेंटर की क्षमता दोगुनी की जाएगी। वर्तमान में डायल 112 में तीन शिफ्ट में 20-20 का स्टाफ रहता है। लखनऊ डीसीपी साउथ ऑफिस के फर्स्ट फ्लोर पर तीन शिफ्ट में 30-30 का स्टाफ कॉल सेंटर में रहता है।

**कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का काम होगा पूरा**

कानुपर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का काम फरवरी 2026 में पूरा हो जाएगा। ये एक्सप्रेसवे 63 किमी लंबा है, जो करीब 4700 करोड़ की लागत से बन रहा है। इसके शुरू होने पर लखनऊ एयरपोर्ट से कानपुर पहुंचने में तीन घंटे के बजाय 40 मिनट लगेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति 2-3 जनवरी, 2026 को तमिलनाडु का दौरा करेंगे

उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन 2 और 3 जनवरी, 2026 को तमिलनाडु का दो दिवसीय दौरा करेंगे।

उपराष्ट्रपति शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026 को चेन्नई स्थित डॉ.



एम.जी.आर. शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

उपराष्ट्रपति इसके बाद ताज कोरोमंडल में राम नाथ गोयनका साहित्य सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

### एनएचएआई ने बड़ी सार्वजनिक राहत की घोषणा की: 1 फरवरी 2026 के बाद जारी किए जाने वाले नए फास्टैग वाली कारों के लिए केवाईवी बंद कर दिया गया

सार्वजनिक सुविधा बढ़ाने और राजमार्गों का उपयोग करने वाले लोगों को सक्रिय किए जाने के बाद होने वाली परेशानियों से बचाने हेतु, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 1 फरवरी 2026 से सभी नए जारी किए गए फास्टैग वाली कारों (कार/जीप/वैन श्रेणी फास्टैग) के लिए 'नो योर व्हीकल (केवाईवी)' की प्रक्रिया को बंद करने का फैसला किया है। यह सुधार सड़क का उपयोग करने वाले उन लाखों आम लोगों को बड़ी राहत देगा, जिन्हें वाहनों के मान्य दस्तावेज होने के बावजूद फास्टैग के सक्रिय होने के बाद जारी होने के उपरांत केवाईवी संबंधी जरूरतों के कारण असुविधा और देरी का सामना करना पड़ रहा था।

## राष्ट्रपति ने #स्किलडिटिलाइजेशन एआई चैलेंज का शुभारंभ किया तथा वर्चुअली ओडिशा के रायरंगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का उद्घाटन किया

**भारत जैसे युवा राष्ट्र के लिए एआई केवल एक प्रौद्योगिकी नहीं बल्कि सकारात्मक बदलाव का एक विशाल अवसर है: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु**

(जीएनएस)।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (1 जनवरी, 2026) राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में एमएसडीई की एसओएआर (स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस) पहल के तहत #स्किलडिटिलाइजेशन एआई चैलेंजका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्चुअली ओडिशा के रायरंगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का भी उद्घाटन किया।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विश्वभर की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया









आकार दे रही है। यह हमारे सीखने, काम करने, आधुनिक सेवाओं तक पहुँचने और मानवता की सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना करने के तरीकों को बदल रही है। भारत जैसे युवा राष्ट्र के लिए एआई केवल एक प्रौद्योगिकी नहीं, बल्कि सकारात्मक बदलाव का एक विशाल अवसर है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से यही रहा है कि प्रौद्योगिकी लोगों को सशक्त बनाए, समावेशन को बढ़ावा दे और सभी के लिए अवसरों का विस्तार करे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग सामाजिक, आर्थिक और प्रौद्योगिकी विभाजनों को पाटने के उद्देश्य से किया जाना चाहिए।

यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इसके लाभ सभी पृष्ठभूमि और आयु वर्ग के लोगों तक पहुंचें, विशेष रूप से वंचित समुदायों तक।

राष्ट्रपति ने यह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की कि छात्र संभावनाओं और अवसरों से भरे भविष्य के लिए स्वयं को तैयार कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे सदैव स्मरण रखें कि प्रौद्योगिकी, ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की सेवा, चुनौतियों का समाधान खोजने तथा दूसरों को सशक्त बनाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने एआई लर्निंग मॉड्यूल पूरा करने वाले सांसदों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में स्वयं सीखकर उन्होंने सीखने के माध्यम से नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नए वर्ष पर अधिकारियों को दिलाया लक्ष्यपूर्ण सेवा का संकल्प

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर किसानों और ग्रामीणों की भलाई के लिए 'सरकार फाइलों में नहीं, जनता की लाइफ में दिखे' मंत्र के साथ साप्ताहिक लक्ष्य- शिवराज सिंह**

**प्रक्रियाओं के सरलीकरण, नए सीड व पेस्टीसाइड एक्ट और आदर्श गांव विकास की दिशा में तेजी से काम करने के शिवराज सिंह के निर्देश**

(जीएनएस)।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नए वर्ष के पहले दिन अपने दोनों मंत्रालयों के अधिकारियों को संकल्प दिलाया, इसके साथ ही नया वर्ष 2026 केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्रालयों के लिए नई ऊर्जा और संकल्प के साथ शुरू हुआ।

केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह





चौहान ने आज मंत्रालयों के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान के अनुरूप 'सरकार फाइलों में नहीं, जनता की लाइफ में दिखनी चाहिए' का संकल्प दोहराया। श्री चौहान ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालयों से जुड़ी है, इसलिए हमारा हर कदम किसानों और ग्रामीणों की भलाई के लिए होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम भावना से काम करते हुए साप्ताहिक लक्ष्य तय करें और पूरे वर्ष की कार्य योजना भी तैयार करें, ताकि काम में तेजी और परिणामों में स्पष्टता लाई जा सके।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सुधार की जो दिशा दी है, उसके अनुरूप प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर जनता को राहत देना मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसी कार्यप्रणाली अपनाई जाए, जिससे किसी भी व्यक्ति को अपने काम के लिए विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## वंदे भारत स्लीपर का इंतजार खत्मः गुवाहाटी-हावड़ा होगा पहला रूट, बुलेट ट्रेन की तारीख का भी हुआ एलान

(जीएनएस)।

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी नए साल 2026 में बंगाल और असम को नई सौगात देने वाले हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पहली जनवरी को बताया कि पीएम बंगाल को जल्द ही कोलकाता और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन की तारीख का भी एलान किया है।



भारतीय रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण और प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को घोषणा की कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और हावड़ा (कोलकाता) के बीच चलाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले कुछ ही दिनों में इस ऐतिहासिक रूट पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

रेल मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई है। यह ट्रेन यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर सुरक्षा और एक आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इसे भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो प्रीमियम यात्रा को और सुगम बनाएगी।

**15 अगस्त 2027 को चलेगी पहली बुलेट ट्रेन**

वंदे भारत के साथ-साथ रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर भी बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2027 को भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। वैष्णव ने मजाकिया अंदाज में कहा, "आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी।" उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरी गंभीरता से जुटी हुई है।

**पीएम मोदी ने लिया तैयारियों का जायजा**

प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर रेल मंत्री ने बताया कि पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद गुजरात दौरे के दौरान मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। पीएम मोदी सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पहुंचे थे, जहां उन्होंने काम की बारीकी से जांच की और वहां मौजूद इंजीनियरों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान कर्मचारियों से बातचीत करते हुए कहा था कि यह प्रोजेक्ट न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के गर्व का विषय है। यह हाई-स्पीड ट्रेन परियोजना भारत के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक सफर का लाभ मिलेगा।




# सम्पादकीय

## जमात-ए-इस्लामी जैसे सहयोगियों के प्रभाव में थीं पूर्व पीएम खालिदा जिया

खालिदा जिया के कार्यकाल में टाटा निवेश की अस्वीकृति एक आर्थिक निर्णय से ज्यादा राजनीतिक थी। ईंस्ट इंडिया वंपनी की तुलना ने इसे और विवादास्पद बनाया, जो बांग्लादेश के राष्ट्रवाद को उजागर करती है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पाटा (बीएनपी) की नेता बेगम खालिदा जिया का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने 1991 से 1996 और फिर 2001 से 2006 तक दो बार देश का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में भारतबांग्लादेश संबंध जटिल रहे। विशेष रूप से 2000 के दशक में एक महत्वपूर्ण घटना ने इन संबंधों पर गहरा असर डाला, जब खालिदा जिया की सरकार ने भारतीय औद्योगिक समूह टाटा ग्रुप के लगभग 3 अरब डॉलर के बड़े निवेश प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी। इस प्रस्ताव में स्टील प्लांट, उर्वरक पैक्ट्री और पावर प्लांट शामिल थे। इस अस्वीकृति के दौरान टाटा ग्रुप की तुलना ब्रिटिश ईंस्ट इंडिया वंपनी से की गई, जो औपनिवेशिक शोषण का प्रतीक है। यह तुलना राजनीतिक बहस का हिस्सा बनी और बांग्लादेश में विदेशी निवेश के प्रति राष्ट्रवादी संदेह को रेखांकित करती है। उल्लेखनीय है कि उस समय टाटा ग्रुप के तत्कालीन चेयरमैन रतन टाटा पड़ोसी देश में निवेश को लेकर काफी उत्साहित थे। दरअसल टाटा ग्रुप ने 2004 में बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर निवेश का प्रस्ताव रखा, जो उस समय बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा अवसर माना जा सकता था। बांग्लादेश सरकार ने 2005 में इसे सैद्धांतिक मंजूरी दी थी, लेकिन विस्तृत शर्तो पर बातचीत जारी रही। टाटा ने पुलबाड़ी क्षेत्र में कोयला खनन, स्टील मिल और उर्वरक प्लांट की योजना बनाई थी। इसके अलावा, एक 1,000 मेगावाट का पावर प्लांट भी शामिल था। यह निवेश न केवल रोजगार पैदा कर सकता था, बल्कि बांग्लादेश की औद्योगिक क्षमता को बढ़ावा देता। हालांकि, खालिदा जिया की सरकार ने इसे पूर्ण मंजूरी नहीं दी। मुख्य विवाद प्रावृतिक गैस की कीमत और आपरूति पर था। टाटा सस्ती दर पर गैस मांग रहा था, जबकि सरकार निर्यात के लिए गैस बचाना चाहती थी। 2006 में टाटा ने धमकी दी कि अगर शर्ते नहीं मानी गईं तो वे प्रस्ताव वापस ले लेंगे। अंततः, जुलाई 2006 में टाटा ने अपने निवेश को निलंबित कर दिया। बाद में, 2008 में सैन्य समर्थित केयरटेकर सरकार के दौरान भी यह प्रस्ताव रद्द हो गया, जब टाटा ने पूरी तरह से हाथ खींच लिए। अस्वीवृति के पीछे कई कारण थे। आर्थिक रूप से, गैस की कीमत एक बड़ा मुद्दा था। टाटा ने प्रति यूनिट गैस की कीमत 1.75 डॉलर मांगी थी, जो बाजार दर से कम थी। सरकार का तर्व था कि इससे देश को नुकसान होगा। पर्यावरणीय चिताएं भी थीं, क्योंकि पुलबाड़ी खनन से स्थानीय समुदायों का विस्थापन हो सकता था। लेकिन सबसे दिलचस्प राजनीतिक कोण था। बांग्लादेश में खालिदा के दौर में भारत के प्रति संदेह की भावना पैदा की गई है। इसके लिए खालिदा खुद भी दोषी थीं। खालिदा जिया की बीएनपी सरकार को अवामी लीग की शेख हसीना से कड़ी चुनौती मिल रही थी, जो भारत के करीब मानी जाती हैं। बीएनपी ने राष्ट्रवादी रुख अपनाया और विदेशी निवेश को सावधानी से देखा। इसी संदर्भ खालिदा और उनकी पाटा ने टाटा ग्रुप की तुलना ईंस्ट इंडिया वंपनी से की। ईंस्ट इंडिया वंपनी की तुलना क्यों?- ब्रिटिश ईंस्ट इंडिया वंपनी 17वीं शताब्दी में व्यापार के बहाने भारत आई थी, लेकिन धीरे-धीरे उसने राजनीतिक नियंत्रण हासिल कर लिया और उपनिवेशवाद की नींव रखी। टाटा का प्रस्ताव इतना बड़ा था कि बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे नई ईंस्ट इंडिया वंपनी कहा। उनका डर था कि टाटा गैस और संसाधनों पर नियंत्रण कर लेगा, जिससे बांग्लादेश की संप्रभुता खतरे में पड़ जाएगी। एक फोरम चर्चा में इसे लॉर्ड क्लाइव की नई ईंस्ट इंडिया वंपनी कहा गया, जहां लॉर्ड क्लाइव वंपनी के ऐतिहासिक नेता थे। यह तुलना राजनीतिक रूप से प्रेरित थी, क्योंकि बीएनपी सरकार भारत के प्रति सतर्व थी और जमात-एइस्लामी जैसे सहयोगियों के प्रभाव में थी, जो भारत-विरोधी थे।

# लघु कंपनियों के लिए चुकता शेयर पूंजी और कारोबार की सीमा बढ़ाई गई

**कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248(2) के तहत रजिस्ट्रार सी-पेस के पास आवेदन दाखिल करने वाली सरकारी कंपनियों को बंद करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 31 दिसंबर, 2025 को कंपनी (कंपनी रजिस्टर से कंपनियों के नाम हटाने) नियमावली, 2016 में संशोधन किया गया**

**कंपनी अधिनियम 2013 के तहत वार्षिक केवाईसी आवश्यकताओं को तीन साल में एक बार संक्षिप्त केवाईसी आवश्यकताओं से प्रतिस्थापित किया गया**

**विलय और अधिग्रहण संरचना में सुधार किए गए**

**आईईपीएफए द्वारा एकीकृत पोर्टल और समर्पित कॉल सेंटर शुरू किया गया**

**एमसीए वी3 प्लेटफॉर्म पर सुचारू परिवर्तन को सुविधाजनक बनाने, अतिरिक्त शुल्क में छूट देने, फाइलिंग समय सीमा बढ़ाने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से एजीएम/ईजीएम आयोजित करने में सक्षम बनाने के लिए सामान्य परिपत्र जारी किए गए**

**दिवालियापन और दिवालिया संहिता के तहत सितंबर 2025 तक कुल 1300 संकल्प योजनाओं को मंजूरी दी गई; लेनदारों को 3.99 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए जो परिसमापन मूल्य का 170.09 प्रतिशत और उचित मूल्य का 93.79 प्रतिशत है**

**चंडीगढ़, नवी मुंबई और बेंगलुरु में 3 नए क्षेत्रीय निदेशालयों (आरडी) की स्थापना; और दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, नोएडा, नागपुर तथा चंडीगढ़ में 6 नए कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगे**

(जीएनएस)। कारपोरेट कार्य मंत्रालय की वर्ष 2025 के दौरान की प्रमुख पहलें और उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:

विलय और अधिग्रहण संरचना में सुधार

केंद्रीय बजट 2025-26 के पैरा 101 के अनुरूप, सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 233 के तहत फास्ट ट्रैक विलय और विभाजन के दायरे को व्यापक बनाने के लिए 4 सितंबर 2025 को कंपनी (समझौते, व्यवस्थाएं और समामेलन) नियम, 2016 में संशोधन किया।

इन संशोधनों के तहत कंपनियों के निम्नलिखित अतिरिक्त वर्गों को त्वरित प्रक्रिया का लाभ उठाने की अनुमति दी गई है:

निर्धारित सीमा को पूरा करने वाली दो या दो से अधिक गैर-सूचीबद्ध कंपनियां (धारा 8 कंपनियों के अलावा);



होल्डिंग और सहायक कंपनियां, उन मामलों को छोड़कर जहां हस्तांतरणकर्ता एक सूचीबद्ध कंपनी है;

एक ही होल्डिंग कंपनी की दो या दो से अधिक सहायक कंपनियां, उन मामलों को छोड़कर जहां हस्तांतरणकर्ता एक सूचीबद्ध कंपनी है।

इन बदलावों से कारपोरेट पुनर्गठन में लगने वाले समय और लागत में अत्यधिक कमी आने की उम्मीद है।

व्यापार करने में सुगमता के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियां

कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने अनुपालन को और सरल बनाने, कॉर्पोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने और भारत के व्यापारिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए कई नीतिगत, नियामक, संस्थागत और प्रौद्योगिकी-आधारित पहलें की हैं। प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं:

1. विनियमों की अधिसूचना

2025 के दौरान, मंत्रालय ने अनुपालन आवश्यकताओं को युक्तिसंगत बनाने और पारदर्शिता में सुधार करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कई संशोधनों की समीक्षा की और उन्हें अधिसूचित किया।

2. जारी किए गए परिपत्र

एमसीए वी3 प्लेटफॉर्म पर सुचारू रूप से परिवर्तन करने, अतिरिक्त शुल्कों में छूट देने, फाइलिंग की समयसीमा बढ़ाने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से वार्षिक आम सभाओं/अंतर्राष्ट्रीय आम सभाओं के संचालन को सक्षम बनाने के लिए कई सामान्य परिपत्र जारी किए गए। इन उपायों से परिवर्तन के दौरान कंपनियों पर अनुपालन का बोझ काफी कम हो गया।

3. एमसीए ने अधिसूचना संख्या जीएसआर 880(ई) दिनांक 01.12.2025 के माध्यम से लघु कंपनियों के लिए चुकता शेयर पूंजी और कारोबार की सीमा को क्रमशः 10 करोड़ रुपये और 100 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया है।

4. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248(2) के तहत रजिस्ट्रार सी-पीएसई के पास आवेदन दाखिल करने वाली सरकारी कंपनियों को बंद करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कंपनी (कंपनी रजिस्टर से कंपनियों के नाम हटाने) नियमावली, 2016 को 31 दिसंबर , 2025 को संशोधित किया गया है।

इस संशोधन में यह प्रावधान किया गया है कि ऐसे मामलों में, केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त या मनोनीत एक या अधिक निदेशकों के संबंध में क्षतिपूर्ति बांड, कंपनी की ओर से भारत सरकार या राज्य सरकार के प्रशासनिक मंत्रालय या विभाग में एक अधिकृत प्रतिनिधि (अवर सचिव या समकक्ष से कम रैंक का न हो) द्वारा दिया जाएगा। इस संशोधन का उद्देश्य उन सरकारी कंपनियों को शीघ्र बंद करना है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248(2) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी रजिस्टर से अपना नाम हटवाने के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

5. कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं योग्यता) नियम, 2014 के नियम 12ए के तहत कंपनियों में निदेशकों के लिए वार्षिक केवाईसी (केवाईसी) आवश्यकता की समीक्षा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में जांच, गैर-वित्तीय नियामक सुधार पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी-एनएफआरआर) की अनुशंसा और हितधारकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर की गई है।

# भारतीय रेल का राष्ट्र को नव वर्ष का उपहार: गुवाहाटी और हावड़ा के बीच पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

(जीएनएस)। रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली के रेल भवन में आयोजित बैठक में नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए घोषणा की कि असम के गुवाहाटी और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बीच पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का संचालन शुरू होगा। उन्होंने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का संपूर्ण परीक्षण, जांच और प्रमाणीकरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। जनवरी माह में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस मार्ग पर पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय रेल, राष्ट्र और इसके रेल यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने यह भी बताया कि 2026 में कई यात्री-केंद्रित पहल शुरू की जाएंगी और यह भारतीय रेल के लिए बड़े सुधारों वाला वर्ष होगा।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन से असम राज्य के कामरूप महानगरपालिका और बोंगाई गांव और पश्चिम बंगाल के कूच बिहार, जलपाईगुड़ी, मालदा, मुर्शिदाबाद, पूर्वी बर्धमान, हुगली और हावड़ा जैसे जिलों को लाभ मिलेगा। ट्रेन में 16 कोच होंगे, इनमें 11 थ्री-टियर एसी कोच, 4 टू-टियर एसी कोच और 1 फर्स्ट-क्लास एसी कोच शामिल हैं। इसकी कुल क्षमता लगभग 823 यात्रियों की होगी।



श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पूरी तरह से नए सस्पेंशन वाली एक नई बोगी विकसित की गई है। डिजाइन के मानकों को नए स्तर पर ले जाया गया है। इसके आंतरिक भाग और सीढ़ियां एर्गोनॉमिक डिजाइन पर आधारित हैं, और सुरक्षा के लिए विशेष मापदंड लागू किए गए हैं।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन रात्रिकालीन यात्राओं के लिए आरामदायक, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का अनुभव प्रदान करेगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की समय सारिणी इस प्रकार बनाई गई है कि यह शाम को अपने प्रस्थान स्थल से रवाना होकर अगली सुबह अपने गंतव्य पर पहुंचेगी।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रियों को क्षेत्र विशेष व्यंजनों का आनंद मिलेगा। गुवाहाटी से शुरू होने वाली ट्रेन में प्रामाणिक असमिया व्यंजन परोसे जाएंगे, जबकि कोलकाता से शुरू होने वाली ट्रेन में पारंपरिक बंगाली व्यंजन परोसे जाएंगे। इससे रेल में आनंददायक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भोजन मिलना सुनिश्चित होगा।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की विशेषताएं:

180 किमी प्रति घंटे तक की गति वाली सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन

बेहतर तकिए के साथ एर्गोनॉमिक (ऐसे उत्पाद, जो आरामदायक, सुरक्षित और कुशल हों) रूप से डिजाइन किए गए बर्थ

सुगम आवागमन के लिए प्रवेश द्वारों सहित स्वचालित दरवाजे

बेहतर सस्पेंशन और शोर कम करने की क्षमता के साथ बेहतर यात्रा का आनंद लें।

कवच से सुसज्जित

उच्च स्वच्छता बनाए रखने के लिए कीटाणुनाशक तकनीक

उन्नत नियंत्रण और सुरक्षा प्रणालियों से सुसज्जित ड्राइवर केबिन

वायुगतिकीय बाहरी बनावट और स्वचालित बाहरी यात्री दरवाजे

दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था

आपातकालीन स्थिति में यात्री और ट्रेन प्रबंधक/लोको पायलट के बीच संचार के लिए आपातकालीन टॉक-बैक यूनिट।

सभी कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।

विद्युत कैबिनेट और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि पहचान और शमन प्रणाली से अग्नि सुरक्षा में सुधार हुआ है।

पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन भारतीय रेल के एक नए युग की शुरूआत है। यह रात भर की यात्रा के लिए गति, आराम और आधुनिक सुविधाओं का संगम है। यह भारतीय रेल की यात्री-केंद्रित सेवाओं, तकनीकी नवाचार और क्षेत्रीय संपर्क पर केंद्रित प्रतिबद्धता को दशार्ती है और यात्रियों को एक सुरक्षित, तेज, सुविधाजनक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध यात्रा प्रदान करती है।

# भारत संचार निगम लिमिटेड ने सभी सर्कलों में राष्ट्रव्यापी वॉयस ओवर वाई-फाई (वीओ वाई-फाई) सेवाएं शुरू कीं

(जीएनएस)। नव वर्ष के अवसर पर देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के दूरसंचार प्रदाता भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने वॉयस ओवर वाई-फाई (वीओ वाई-फाई ) सेवा जिसे वाई-फाई कॉलिंग भी कहा जाता है, के राष्ट्रव्यापी विस्तार की प्रसन्नतापूर्वक घोषणा की। यह उन्नत सेवा अब देश के प्रत्येक दूरसंचार सर्कल में सभी बीएसएनएल ग्राहकों के लिए उपलब्ध है जो चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है।

यह सेवा अब देश के सभी दूरसंचार सर्किलों में बीएसएनएल ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। वीओ वाई-फाई ग्राहकों को वाई-फाई नेटवर्क पर वॉयस कॉल और संदेश भेजने और प्राप्त करने की सुविधा देता है, जिससे घरों, कार्यालयों, बेसमेंट और दूरदराज के स्थानों जैसे कमजोर मोबाइल सिग्नल वाले क्षेत्रों में स्पष्ट और विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है।

वीओ वाई-फाई आईएमएस-आधारित एक सेवा है जो वाई-फाई और मोबाइल नेटवर्क के बीच निर्बाध हैंडओवर का समर्थन करती है। कॉल ग्राहक के वर्तमान मोबाइल नंबर और फोन डायलर का उपयोग करके किए जाते हैं जिसके लिए तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है।




यह सेवा ग्रामीण और दूरदराज के उन क्षेत्रों में विशेष रूप से लाभप्रद है जहां मोबाइल कवरेज सीमित होती है बशर्ते बीएसएनएल भारत फाइबर या किसी अन्य ब्रॉडबैंड सेवा जैसी एक स्थिर वाई-फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वीओ वाई-फाई नेटवर्क पर दबाव कम करने में भी सहायता करती है। वाई-फाई कॉल्स के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क लिए बिना निःशुल्क प्रदान की जाती है।

वीओ वाई-फाई का शुभारंभ बीएसएनएल के नेटवर्क आधुनिकीकरण कार्यक्रम और देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार, विशेषकर कम सेवा वाले क्षेत्रों में, उसकी प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वीओ वाई-फाई अधिकांश आधुनिक स्मार्टफोन पर समर्थित है। ग्राहकों को अपने हैंडसेट की सेटिंग्स में वाई-फाई कॉलिंग को मात्र सक्षम (इनेबल) करना होगा। डिवाइस संगतता और सहायता के लिए, ग्राहक निकटतम बीएसएनएल ग्राहक सेवा केंद्र पर जा सकते हैं या बीएसएनएल हेल्पलाइन - 18001503 पर संपर्क कर सकते हैं।

# एयर मार्शल सीथेपल्ली श्रीनिवास ने भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला

(जीएनएस)। एयर मार्शल सीथेपल्ली श्रीनिवास ने 1 जनवरी 2026 को भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। अपने नए पदभार ग्रहण करने के बाद, एयर मार्शल ने प्रशिक्षण कमान युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

एयर मार्शल श्रीनिवास, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र, 13 जून 1987 को भारतीय वायु सेना की लड़ाकू विमान शाखा में कमीशन प्राप्त हुए थे। वे श्रेणी ए के योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं और उनके पास मिग-21, इस्क्रा, किरण, पीसी-7 एमके क्क एचपीटी-32 और माइक्रोलाइट सहित



अन्य विमानों पर 4200 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है। वे चेतक/चीता हेलीकॉप्टर पर द्वितीय पायलट और पेचोरा मिसाइल प्रणाली पर श्रेणीबद्ध संचालन अधिकारी के रूप में भी योग्य हैं।

अपने करियर में उन्होंने कई कमान पदों पर कार्य किया है। वे वायु सेना अकादमी के कमांडेंट, पश्चिमी सीमा पर स्थित एक अग्रिम लड़ाकू विमान अड्डे और एक प्रमुख उड़ान प्रशिक्षण अड्डे के एयर ऑफिसर कमांडिंग (एओसी), पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय (जयपुर) के एओसी एडवांस, प्रतिष्ठित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल के कमांडिंग ऑफिसर, एयरोस्पेस सेफ्टी इंस्टीट्यूट के कमांडेंट और बेसिक फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल के कमांडिंग ऑफिसर रह चुके हैं।

# एमसीए ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत वार्षिक केवाईसी आवश्यकताओं के स्थान पर तीन साल में एक बार संक्षिप्त केवाईसी आवश्यकताओं लागू किया

(जीएनएस)। कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं योग्यता) नियम, 2014 के नियम 12ए के अंतर्गत कंपनियों में निदेशकों के लिए वार्षिक अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) आवश्यकता की समीक्षा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में जांच, गैर-वित्तीय नियामक सुधारों पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी-एनएफआरआर) द्वारा की गई सिफारिश और हितधारकों से प्राप्त सुझावों के बाद की गई है। इस संबंध में प्रासंगिक नियम को कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा संबंधित मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से संशोधित किया गया है।

दिनांक 31 दिसंबर, 2025 को अधिसूचित (जो 31 मार्च, 2026 से प्रभावी होगा) नियमों में किए गए संशोधन के अनुसार, वार्षिक केवाईसी




दाखिल करने की आवश्यकता को समाप्त कर प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार सरल केवाईसी सूचना देने की व्यवस्था की गई है। संशोधित सरलीकृत केवाईसी फॉर्म का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि (i) केवाईसी अनुपालन, (ii) मोबाइल नंबर का अद्यतन, (iii) ईमेल पते का अद्यतन, (iv) आवासीय पते का अद्यतन और (v) डीआईएन को पुनः सक्रिय करने में। केवाईसी दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान डीआईएन धारक/निदेशक द्वारा सत्यापन (डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से) और पेशेवर द्वारा प्रमाणीकरण (डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से) केवल तभी आवश्यक होगा जब केवाईसी फॉर्म मोबाइल नंबर, ईमेल पता या आवासीय पते को अद्यतन करने के लिए जमा किया जाता है।

इस संशोधन का उद्देश्य सभी कंपनियों के निदेशकों के लिए अनुपालन प्रक्रिया को उल्लेखनीय रूप से आसान बनाना है। जिन सभी निदेशकों ने अब तक अपनी केवाईसी पूरी कर ली है, वे नए प्रावधानों के अंतर्गत शामिल होंगे और उनके लिए अगली केवाईसी दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2028 होगी।

# सुधारों का वर्ष 2025: रक्षा मंत्रालय ने व्यापक सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की

(जीएनएस)। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय ने 'सुधार वर्ष 2025' के समापन के अवसर पर समन्वय को सुदृढ़ करने, रक्षा तैयारियों को और अधिक सक्षम बनाने, आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने तथा कल्याणकारी वितरण तंत्रों को प्रभावी बनाने के लिए किए गए व्यापक सुधारों के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। मंत्रालय के सभी विभागों में लागू इन सुधारों से सरकार की उस समग्र और दूरदर्शी रणनीति का स्पष्ट प्रतिबिंब मिलता है, जिसका उद्देश्य एक आधुनिक, एकीकृत एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए पूर्णतः तैयार रक्षा प्रणाली का निर्माण करना है।

अधिग्रहण की मंजूरी: रक्षा अधिग्रहण परिषद ने जनवरी 2025 से देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने के लिए कुल 3.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसमें स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

अनुबंधों पर हस्ताक्षर: रक्षा मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 के अंत तक, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 1.82 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

व्यय: रक्षा मंत्रालय ने दिसंबर 2025 के अंत तक पूंजी अधिग्रहण बजट के अंतर्गत 80% (लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये) व्यय का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। इस आवंटन के तहत आवंटित राशि सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर खर्च की जा रही है। रक्षा मंत्रालय का कुल पूंजीगत व्यय भी 76% तक पहुंच गया है, जिसमें पूंजी अधिग्रहण के अलावा अवसंरचना, भूमि, अनुसंधान एवं विकास आदि पर किया गया व्यय शामिल है।

रक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF DEFENCE

रक्षा उद्योग और नवाचार प्रोत्साहन: रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को सशक्त बनाने व आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र की भागीदारी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया गया है। इसके तहत रक्षा विनिर्माण लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित किया गया है, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की क्षमताओं का समग्र आकलन किया जा रहा है तथा रक्षा खरीद में मांग-आपूर्ति संतुलन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बाजार खुफिया रिपोर्टें तैयार की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, परीक्षण एवं प्रयोग से जुड़ी प्रयोगशाला सुविधाएं निजी क्षेत्र के साथ साझा की जा रही हैं। रक्षा क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने और सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, एमएसएमई तथा निजी क्षेत्र के लिए रक्षा अनुसंधान अनुदानों का 25 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया गया है।

अधिग्रहण एवं खरीद संबंधी सुधार: समय-सीमा को कम करने के लिए खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया गया है, जिसमें आईडेक्स मैनुअल का सरलीकरण, रक्षा निर्यात अनुमतियों का युक्तिकरण, रक्षा एक्सआईएम पोर्टल का पुनर्गठन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण नीति का सरलीकरण और वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन व खरीद नियमावली (रक्षा खरीद नियमावली 2025, 1 नवंबर, 2025 से लागू) में संशोधन के माध्यम से विकेंद्रीकरण शामिल है।

रक्षा नीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंध: रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 की समीक्षा एवं संशोधन, रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहन, मित्र देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाना, भारत मैत्री शक्ति सहित रक्षा ऋण लाइनें और रक्षा प्रतिष्ठानों के निकट प्रतिबंधित दूरी मानदंडों का युक्तिकरण प्रगति पर हैं।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR
Rage.Office: TF-01, Nanakram Super Market, Ramnagar, Sabarmati, Ahmedabad - 380 005 Gujarat,India. Phone : (O) 9016333307(M)9328333307,9825333307
Email : garvigujarat2007@gmail.com*garvigujarat2007@yahoo.com*Website : www.garvigujarat.co.in

# नगर निगम कार्यालय नए भवन में ले जाने का जताया संकल्प

(जीएनएस)। अयोध्या। महापौर मं. गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा है कि जब लोग सो रहे होते हैं तो नगर निगम जागकर सफाई कर रहा होता है। उन्होंने बीते वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए पार्षदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योजनावद्ध ढंग से कड़ी मेहनत कर नगर निगम की साख बढ़ाने के लिए आभार जताया। वह तिलक हाल में बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश भर के लोग जब यहां आते हैं तो वह भी सफाई की तारीफ करते हैं। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को लेकर संवेदनशीलता बरतने पर पार्षदों की तारीफ की। कहा कि स्थानीय सरकार आपके द्वार



अभियान के तहत गली-मोहल्ले में जाकर जनसमस्याएं सुनीं गई। महापौर ने उम्मीद जताई कि 10 लाख की आबादी का मानक लागू होने से अब नगर निगम को और अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नए संकल्प और नई उम्मीद के साथ नए भवन में प्रवेश करेंगे।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि नगर निगम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है। स्वच्छता की रैंकिंग में निरंतर सुधार हुआ है। दीपोत्सव एवं महापौर सम्मेलन का सफल आयोजन कर निगम की गरिमा बढ़ाई।

संचालन अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ ने किया। इस मौके पर उप सभापति राजेश गौड़, जयनारायण सिंह 'रिंकू', विशाल पाल, चंदन सिंह, अनुज दास, अपर आयुक्त भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ल, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त आदि मौजूद रहे।

# जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया के मंडल अध्यक्ष बने बी त्रिपाठी

(जीएनएस)। बाराबंकी । जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया (रजि0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सैना की संस्तुति व राष्ट्रीय संयोजक आर सी श्रीवास्तव के अनुमोदन पर बी त्रिपाठी को अयोध्या मंडल का कार्यभार सौपा गया है। इस पर उनके शुभचिंतकों ने राष्ट्रीय नेतृत्व को कोटिशः धन्यवाद देते हुए भी मंडल अध्यक्ष को बधाई दिया है।

विदित हो कि पूर्व में जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया ( रजि0) के जिला अध्यक्ष बी त्रिपाठी बाराबंकी जिले में जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त थे जिनका कद बढ़ाते हुए जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया के राष्ट्रीय




अध्यक्ष अनुराग सक्सेना ने राष्ट्रीय संयोजक आर सी श्रीवास्तव के अनुमोदन पर उन्हें अयोध्या मंडल का कार्यभार सौंपते हुए संगठन के हित में कार्य किए जाने का अनुरोध किया है वही मंडल अध्यक्ष ने बाराबंकी जिले की कार्यकारिणी को भंग करते हुए कार्यवाहक जिला अध्यक्ष का कार्यभार वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार को सौपा है साथ ही साथ उन्होंने कहा है कि शीघ्र ही नहीं कार्यकारिणी का गठन करके नए जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा।

बी त्रिपाठी को अयोध्या मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर संतोष कुमार , रजनीश सिंह सत्यनारायण गुप्ता अशोक सिंह मान बहादुर सिंह आदि उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना किया है

# ट्रेन में खोया सामान मिनटों में मिलेगा वापस, बस भारतीय रेलवे के इस एप पर दर्ज करें शिकायत

(जीएनएस)।

नई दिल्ली, भारतीय रेलवे की डिजिटल सेवाएं एक बार फिर उपयोगी साबित हुई। दक्षिण एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक यात्री का छूटा आईपैड रेलवे की एक एप से सुरक्षित मिल गया।

सरकार लगातार भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने पर जोर दे रही है। नई तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्स के जरिए यात्रियों की सुविधाओं में इजाफा भी हो रहा है। पहले जहां ट्रेन में सामान खोने के बाद लोग आस छोड़ देते थे, अब वही काम बस कुछ क्लिक और एक कॉल के जरिए संभव हो रहा है।

क्या है पूरा मामला?

दरअसल 27 दिसंबर को एक यात्री दक्षिण एक्सप्रेस वे से भोपाल जा रही था। स्टेशन पर उतरने के बाद उसका ८ढं ट्रेन में ही छूट गया। ये बात उसे करीब एक घंटे बाद पता चली।८ढं में यात्री के जरूरी स्टडी नोट्स थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई। घबराहट के बीच यात्री ने रेलवे की हेल्पलाइन #139 पर कॉल किया और फ्रंटीं एप के जरिए खोए हुए सामान की शिकायत दर्ज की। इसके बाद रेलवे ने तुरंत एक्शन लिया और संबंधित अधिकारियों को सूचना दी।

यात्री के अनुसार, कुछ ही मिनटों में रेलवे हेल्पलाइन से कॉल आया। ट्रेन में मौजूद टीटीई और आरपीएफ ने तुरंत संपर्क किया। अगले स्टेशन इटारसी पर रेलवे कर्मचारियों की मदद से ८ढं को सुरक्षित ढूंढ लिया गया।

सोशल मीडिया पर जताया आभार

ये जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यूजर @ंिट३६३ ने रेलवे के प्रति आभार जताते हुए दी। साथ ही रेलवे और कर्मचारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कमेंट में ये भी बताया कि डिवाइस में उनके कई अहम स्टडी नोट्स थे और समय पर मदद न मिलती तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

# दो बाईकों में आमने-सामने की टक्कर, चार घायल एक गंभीर

(जीएनएस)।

सोनभद्र के रायपुर थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना गुरुवार शाम चार बजे खलियारी तेंदुआ करही मोड़ पर हुई। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में पंडरी गांव निवासी बाबूलाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ है और सिर से काफी खून बहने के कारण वे बेहोशी की हालत में थे। खलियारी गांव के धर्मपाल को भी गंभीर चोटें आई हैं और वे भी बेहोश थे। अन्य दो घायल चैनपुर, भभुआ (बिहार) के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। इनमें से एक बेहोश था, जबकि दूसरे को सामान्य चोटें आईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल एम्बुलेंस व पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) वैनी में भर्ती कराया। सभी घायलों का इलाज सीएचसी वैनी में चल रहा है। पुलिस घायलों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित करने का प्रयास कर रही है।

### आईपीएल 2025 में दिल्ली-पंजाब का धमाका, इस मामले में सीएसकेक और एमआई को पछाड़ा, बनाया कमाल का रिकॉर्ड

क्रिकेट के मैदान पर छक्कों की बरसात तो हर साल होती है, लेकिन साल 2025 ने इंटरनेट की दुनिया में भी नए रिकॉर्ड बना दिए। आमतौर पर माना जाता है कि लोकप्रियता के मामले में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्ळइ) या मुंबई इंडियंस (टक) का कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन साल 2025 के सर्च डेटा ने सबको चौंका दिया है। इस बार टॉप-10 ग्लोबल सर्च लिस्ट में 4 क्ढछ टीमों ने जगह बनाई, जिसमें पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी टीमों ने बड़े दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया।

श्रेयस की कप्तानी में पलटी पंजाब की किस्मत

पंजाब किंग्स साल 2025 की चौथी सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली स्पोर्ट्स टीम बनकर उभरी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में इस टीम ने साल 2014 के बाद पहली बार फाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि वे खिताब नहीं जीत पाए, लेकिन पूरे सीजन उनके खेल और रणनीति ने फैंस को फोन और लैपटॉप से चिपके रहने पर मजबूर कर दिया।

दिल्ली कैपिटल्स ने भी किया कमाल

अक्षर पटेल के नेतृत्व में दिल्ली कैपिटल्स (ऊ्ळ) इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर रही। दिल्ली ने सीजन की शुरूआत धमाकेदार अंदाज में की और अपने पहले चार मैच लगातार जीते।

हालांकि, टूनामेंट के दूसरे हाफ में टीम थोड़ी लड़खड़ाई और पांचवें स्थान पर रही, लेकिन अक्षर पटेल की कप्तानी और टीम के जुझारू खेल ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरीं।

# माँ कामाख्या धाम महोत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन

अयोध्या

मां कामाख्या धाम महोत्सव के पोस्टर का आज सर्किट हाउस अयोध्या में किया गया विमोचन। महोत्सव के मुख्य संरक्षक बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने पोस्टर का किया अनावरण। 20 से 26 मार्च तक चलने वाले इस धार्मिक-सांस्कृतिक महोत्सव में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, देवी जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने बताया कि आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारियां तेज हैं।नगर पंचायत माँ कामाख्या धाम में दूसरी बार होने जा रहा माँ कामाख्या धाम महोत्सव।पोस्टर विमोचन के दौरान बीजेपी जिला उपाध्यक्ष खुन्नू पांडेय,पूव ब्लाक प्रमुख कमलेश यादव,बीजेपी नेता करूणाकर पांडेय,डिंपूल पांडेय,तेज तिवारी,लोक गायक विवेक पांडेय,जय हिंद सिंह,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में एसबीआई का पीओ सरयू में कूदा:पीठ से बैग तक नहीं उतारा, पत्नी को लास्ट लोकेशन भेजी

अयोध्या.

अयोध्या में SBI के पीओ ने सरयू नदी में नये पुल से कूदकर जान दे दी। वह कल दोपहर 12 बजे पुल पर पहुंचे। वहां से पत्नी को लास्ट लोकेशन भेजी। इसके बाद पीठ पर लदा बैग बिना उतारे वह कूद गए। दिन का वक्त होने के चलते पुल पर भीड़भाड़ थी।

लोगों ने उन्हें कूदते देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। रात करीब 8 बजे मैनेजर का शव मिला। बैग में मिले कागजों से उनकी शिनाख्त राम बाबू सोनी (38) के रूप में हुई।

पुलिस ने रात को परिवार को जानकारी दी। राम बाबू सोनी गोंडा जिले के मनकापुर के रहने वाले थे। वह बहराइच में रइकब्रांच में तैनात थे। बैंक के पीओ ने सुसाइड क्यों किया? वजह अभी क्लियर नहीं हो पाई है।

# साल के पहले दिन रामनगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

अयोध्या ।

सरयू से के घाट से लेकर अयोध्या के मुख्य मंदिरों तक श्रद्धालुओं की बढ़ी भीड़।

हनुमानगढ़ी में भारी भीड़

ठंड पर भारी आस्था बड़ी संख्या में साल के पहले दिन श्रद्धालु सरयू में स्नान कर के रहे है दर्शन पूजन।

नये साल का आगाज रामनगरी श्रद्धालुओं से हुई गुलजार ।

प्रभु राम और पवन पुत्र हनुमान का दर्शन कर श्रद्धालु कर रहे हैं नए साल की शुरूआत,

लाखों श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या युवाओं में आस्था के प्रति दिखा जोश

गोवा शिमला मनाली नहीं युवा अब धार्मिक स्थलों पर कर रहे दर्शन

अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा प्रभु राम का दर्शन कर नए साल का कर रहे शुरूआत लग रहा बहुत अच्छा युवा बढ़ रहा सनातन की तरफ

# कुंतेश्वर धाम शौचालय का उपयोग न करके खुले में शौच जाने को मजबूर ..

(जीएनएस)।

बाराबंकी । एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार करने के लिए काफी प्रयासरत दिखाई दे रही है वही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कुंतेश्वर धाम के शौचालय का

उपयोग न करके खुले में शौच जाने को मजबूर हैं । सतत ! सूत्रों से जानकारी मिली कि अभी तक ठेकेदार द्वारा धाम संरक्षक को हस्तांतरित नहीं किया ! कम से कम बीते एक पंचवर्षीय योजना के आसपास परन्तु समय थमता नही है ।

यहाँ पर भक्ति गण आते है तो विषम परिस्थितियों से सामना करना पड़ता , प्रथम द्दष्टया कूड़े के ढ़ेर से



स्पष्ट प्रतीक कि साफ सफाई न के बराबर हैं। लोगों का कहना हैं कि ठेकेदार द्वारा बनाएं गये शौचालय में जमकर अनियमितताएं बरती गई है ।

कई बार समाचार पत्रों में प्रकाशित तथा कमेटी के द्वारा विकासखंड से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक शिकायतें की गई परंतु जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करके ही कर्तव्यों से जिम्मेदार अधिकारियों ने अपना मुंह मोड़ लिया परिणामतः कि सरकार के द्वारा धाम में लाखों रुपए की लागत से बनाए गए शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है । सवाल ! कब से सुचारू रूप से शौचालय व्यवस्था कार्यान्वित होगी ?

# विधायक खेल महाकुंभ मे आठवें दिन हुए पांच कैनवस क्रिकेट मैच

(जीएनएस)।

सोनभद्र विधायक खेल महाकुंभ के आठवें दिन गुरुवार को रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित हाइडिल मैदान में 10 टीमों के बीच कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल पांच मुकाबले खेले गए। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खेल नई ऊर्जा का स्रोत है और नव वर्ष में सभी को नई ऊर्जा का संचार कर जन कल्याणकारी कार्यों में संलग्न रहना चाहिए। कैनवस क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला चुर्क और डीएवी के बीच हुआ। नगर के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। इस मुकाबले को डीएवी की टीम ने 37 रनों से जीतकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की।

दूसरा कैनवस क्रिकेट मैच चतरा और कोटा डाला मंडल के बीच खेला गया। वरिष्ठ क्रिकेटर नवल बाजपेई ने टॉस कराया। चतरा की टीम ने यह मैच 48 रनों से अपने नाम किया। तीसरा मुकाबला तहसील मोहाल और आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र टीम के बीच हुआ। राजेश चौबे और विकास मिश्रा ने टॉस कराकर मैच का



शुभारंभ किया। तहसील कॉलोनी की टीम ने इस मुकाबले को 82 रनों से जीतकर आगामी मैचों में अपनी जगह सुनिश्चित की। चौथा कैनवस क्रिकेट मैच मूनलाइट और बुडहर के बीच आयोजित हुआ। नगवा ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह ने टॉस कराया। मूनलाइट की टीम ने यह मुकाबला 52 रनों से जीता। पांचवां और अंतिम कैनवस क्रिकेट मैच मूनलाइट और तहसील कॉलोनी के बीच हुआ। युवा कल्याण विभाग के प्रभारी प्रदीप कुमार ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। इस मुकाबले को तहसील कॉलोनी ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। विकास मिश्रा और राजेश चौबे द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# राष्ट्रीय लोक दल सोनभद्र के कार्यकताओं ने वृद्धाश्रम में मनाया नव वर्ष का पहला दिन

(जीएनएस)।

रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के लोढ़ी स्थित वृद्ध आश्रम में राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के कार्यकताओं ने नव वर्ष का पहला दिन बुजुर्गों के साथ मनाया। गुरुवार को कार्यकताओं ने इन बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया। जिला महामंत्री रोहित सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने आश्रम के लगभग 75 बुजुर्गों के साथ मनाया गया। वर्ष 2026 के प्रथम दिन की खुशियां मनाने के इस आयोजन से वरिष्ठ नागरिकों में भी उत्साह दिखा। सभी ने युवाओं के साथ नव वर्ष की खुशियां साझा कीं और उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यकताओं ने बुजुर्गों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताए । जिला महामंत्री रोहित सिंह ने




सभी का हालचाल जाना और कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता इन माता-पिता तुल्य बुजुर्गों के साथ नए साल की खुशियां मना रहे हैं। प्रदेश सचिव रामसेवक पटेल ने बताया कि जहां आम और खास लोग नए साल का जश्न मनाते हैं, वहीं रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के लोढ़ी स्थित वृद्धाश्रम में भी उम्मीदें खिलती हैं। यहां 75 बुजुर्ग एक परिवार की तरह रह रहे हैं। जिला संगठन मंत्री पवन शुक्ला ने कहा की बुजुर्गों की सेवा करना भलाई नहीं कर्तव्य है आनंद है। अवश्य ही में वरिष्ठ जनों के आशीर्वाद से हमारा आने वाला समय खुशहाल होगा। इस दौरान बुजुर्गों ने कुछ संगीत भी सुनाया, जिससे माहौल और खुशनुमा हो गया। कार्यक्रम में जिला सचिव कामरेड विजय, रामलाल के साथ आश्रम के केयर टेकर सदानंद गुप्ता, जवाहर लाल और स्टोर कीपर राम प्रसाद भी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का हमला, आरोप लगाकर भागने की साजिश करने को लेकर कह दी बड़ी बात

(जीएनएस)।

उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने विपक्ष की नकारत्मक राजनीति पर कड़ा प्रहार करते हुए चेताया कि आरोप लगाकर भागने की साजिश अब नहीं चलने वाली है। पूर्व में भी अनेकों बार विपक्ष के नेताओं द्वारा देश में और राज्य में भी अनेक बेबुनियादी मुद्दों पर झूठ और भ्रम फैलाने का असफल प्रयास किया है।

जिसका भाजपा कार्यकताओं और प्रदेश की जागरूक जनता द्वारा करारा जवाब दिया गया। भाजपा, वर्ष 2026 में जनकल्याण और विकास के कामों को जन जन तक पहुंचाएगी। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया कि पार्टी नकारात्मक विषयों का प्रतिकार कर, राज्य में सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाएगी।



भट्ट ने कहा कि अब ऐसा भी नही होगा कि झूठे आरोप लगाने वाले सबूत देने के बजाय गायब हो जाएं और उनके आधार पर आरोप लगाने वाले भ्रम एवं अफवाह फैलाते रहें। उन्होंने वर्ष की शुरूआत में पार्टी की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश विकसित होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है और नकारत्मक मुद्दों से इसकी गति प्रभावित न हो इसकी चिंता कार्यकर्ता करेंगे।

पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अच्छी तरह जनता है कि पीएम मोदी मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास के नए आयामों को छू रहा है। प्रदेश की जनता का आशीर्वाद, हमारे केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व को लगातार प्राप्त हो रहा है क्योंकि वे सभी बदलाव को प्रत्यक्ष महसूस कर रहे हैं।

शहरों से गांवों तक सुगम होता सफर, आंगन आंगन नल से पहुंचता जल, हर मकान के अंधेरे को बिजली से दूर भगाना, गरीबों के लिए फ्री अनाज की व्यवस्था, उस अनाज को पकाने के लिए उज्जवला और सीएम की मुफ्त सिलेंडर रिफिलिंग योजना, प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य की आयुष्मान से चिंता हरना, मातृ शक्ति को आरक्षण से सशक्त करना, आंदोलनकारियों को सम्मान, 26.5 हजार रोजगार से युवाओं का भविष्य निर्माण, लखपति दीदियां बनाकर महिलाओं को आगे बढ़ाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई और कड़ाई से बड़े बड़े अपराधियों को सबक, यूसीसी से सबको समान कानून का अधिकार, धर्म की आड़ में कब्जों से हजारों एकड़ भूमि को मुक्त करना, धर्मांतरण और दंगा करने की मंशा रखने वालों पर नकेल कसना।

## अहमदाबाद इंटरनेशनल फ्लावर शो-2026ः मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने श्भारत एक गाथा' थीम के साथ 14वें इंटरनेशनल फ्लावर शो का शुभारंभ कराया





गांधीनगर, 01 जनवरी : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार को साबरमती रिवरफ्रंट पर श्अहमदाबाद इंटरनेशनल फ्लावर शो-2026' का शुभारंभ किया। श्भारत एक गाथा' थीम पर इंटरनेशनल फ्लावर शो के 14वें संस्करण का आयोजन किया गया है। भारत की समृद्ध, विविधतापूर्ण और गौरवशाली संस्कृति को प्रस्तुत करने वाले इस भव्य उत्सव का आगामी 22 जनवरी तक आनंद लिया जा सकेगा।

इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री श्री ऋषिकेशभाई पटेल तथा शहरी विकास राज्य मंत्री श्रीमती दर्शनाबेन वाघेला भी उपस्थित रहे।

श्अहमदाबाद इंटरनेशनल फ्लावर शो-2026' के शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों ने फ्लावर शो के विभिन्न जोनों का अवलोकन किया और विभिन्न आकर्षणों को देखा। साथ ही, सभी ने अनेक प्रकार के फूलों से बने स्कल्पचर की सराहना की।

इस प्रदर्शनी में श्नारी सशक्तिकरण' थीम पर तैयार किए गए स्कल्पचर का भी मुख्यमंत्री के करकमलों से अनावरण किया गया। इसके अतिरिक्त, यहाँ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता में दिए गए योगदान को सम्मानित करने वाला विश्व का सबसे बड़ा फूलों से बना स्कल्पचर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए तैयार किया गया है। साथ ही, यूनेस्को द्वारा घोषित श्विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर – दिवाली' पर विशेष कृति भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनी के विभिन्न जोन भारत के अलग-अलग आयामों को उजागर करेंगे, जिनमें प्राचीन ज्ञान, उत्सवों का उल्लास, कलात्मक तेजस्विता और आधुनिक विकास की गाथा शामिल है। आगंतुक एक जोन से दूसरे जोन में आगे बढ़ते हुए प्राचीन से आधुनिक भारत की सम्पूर्ण समय-यात्रा का अनुभव करे सकेंगे और श्विविधता में एकता' की भावना को नजदीक से महसूस कर सकेंगे।

इसके अतिरिक्त, विशेष ऑडियो गाइड भी बनाए गए हैं। फ्लावर शो में विभिन्न स्थानों पर क्यूआर कोड स्कैन कर फूलों, स्कल्पचर व जोनों से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। साथ ही, सोवेनियर शॉप, नर्सरी, चाइल्ड केयर यूनिट और फूड स्टॉल भी आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

जन भागीदारी से आयोजित इस फ्लावर शो में कई स्वतंत्र कॉर्पोरेट और सरकारी इकाइयां भागीदार बनी हैं।

इस अवसर पर अहमदाबाद की महापौर श्रीमती प्रतिभाबेन जैन, अहमदाबाद के विधायक सर्वश्री अमित ठाकर, जीतूभाई पटेल, हर्षदभाई पटेल, उप महापौर श्री जतिनभाई पटेल, मनपा स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री देवांगभाई दाणी, महानगर पालिका आयुक्त श्री बंछानिधि पाणि, मनपा के पदाधिकारी, अधिकारी तथा कॉर्पोरेट इकाइयों के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। देश की हाई-स्पीड रेल, नवीकरणीय ऊर्जा, स्पोर्ट्स क्षेत्र की उपलब्धियों, अंतरिक्ष टेक्नॉलोजी और शिक्षा क्षेत्र की प्राप्त सफलताओं को फूलों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया

विश्व स्तरीय अहमदाबाद फ्लावर शो-2026 भारतीय संस्कृति और प्रकृति की सुंदरता का संगम प्रस्तुत करता है। इस वार्षिक रंगोत्सव में पूरे भारत से प्रकृति और संस्कृति प्रेमी सहभागी होते हैं। इतना ही नहीं, यह शो फूलों की भव्यता के साथ मानवीय कलाकारी की अनगिनत स्मृतियां भी साथ लेकर जाने का अनुभव कराता है।

यह फूल महोत्सव केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि पर्यावरण जागरूकता तथा सस्टेनेबिलिटी के साथ ही अहमदाबाद शहर की जैवविविधता और इकोफ्रेंड्ली सिस्टम को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर इस फ्लावर शो में संस्कृति और प्रकृति के संरक्षण में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करता है।

फ्लावर शो की यात्रा भव्य प्रवेश द्वार से आरंभ होगी, जहां दो विशाल फूलों से बने सिंह आगंतुकों का स्वागत करेंगे। ये सिंह भारत की वीरता, गौरव और अडिग आत्मा के प्रतीक होंगे। प्रवेश जोन में कमल के फव्वारों द्वारा राष्ट्रीय गौरव को फूलों से सजाकर प्रस्तुत किया जाएगा, जो पूरी प्रदर्शनी की थीम के अनुरूप गौरवमय वातावरण का निर्माण करेगा।

प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न उत्सवों को समर्पित विशेष जोन भी तैयार किए गए हैं। यहां फूलों की कला के माध्यम से दिवाली के प्रकाश, आशा के संदेश, होली के रंग और उल्लास, ओणम की परंपरागत सौम्यता और बिहू के लयबद्ध उत्सवों को जीवंत स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों के लिए विशेष रंगीन और आनंदमय जोन भी तैयार किया गया है, जहां कार्टून किरदारों द्वारा बच्चों के लिए मनोरंजन तथा कल्पना के विश्व का निर्माण किया जाएगा।

भारत की पौराणिक धरोहर को प्रस्तुत करने वाला श्शाश्वत भारत' जोन भी फ्लावर शो का मुख्य आकर्षक बनेगा। आध्यात्मिक रूप से समृद्ध इस जोन में समुद्र मंथन, गीता सार, गोवर्धन लीला, गंगा अवतरण और रामसेतु जैसे पौराणिक प्रसंगों को फूलों की मूर्तियों के माध्यम से कलात्मक रूप से पुनः सृजित किया गया है, जो आगंतुकों को भारत की प्राचीन सांस्कृतिक कथाओं से जोड़ते हैं।

इसके साथ ही भारतीय शास्त्रीय और लोकनृत्य परंपराओं को समर्पित जोन में कुचिपुड़ी, भांगड़ा, गरबा और कथकली जैसे नृत्य रूपों की सौम्यता प्रस्तुत की जाएगी। इस जोन के केंद्र में भगवान नटराज की प्रतिमा भारत की कलात्मक समृद्धि, परंपरा की निरंतरता और ताल की सर्वव्यापी भाषा का प्रतीक बनेगी।

आधुनिक भारत की प्रगति को दशार्ने वाला श्भारत की उपलब्धियां' जोन फूलों के माध्यम से देश की हाई-स्पीड रेल, नवीकरणीय ऊर्जा, स्पोर्ट्स क्षेत्र की उपलब्धियां, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा क्षेत्र में प्राप्त की गई उत्कृष्टता को प्रस्तुत करेगा। यह जोन भारत की विरासत और भविष्याभिमुख नवाचार के संतुलित विकास की एक शक्तिशाली गाथा प्रस्तुत करेगा।

प्रदर्शनी का एक प्रमुख केंद्रबिंदु राष्ट्रीय एकता का प्रतीकात्मक जोन होगा, जिसमें 30 मीटर व्यास का भव्य फूल मंडल तथा सरदार वल्लभभाई पटेल का विश्व का सबसे बड़ा फूलों से बना चित्र प्रस्तुत किया जाएगा। भारत के लौह पुरुष के रूप में पहचाने जाने वाले सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकता में दिए गए योगदान को सम्मानित करने वाली यह प्रदर्शनी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए तैयार की गई है।

अहमदाबाद महानगर पालिका द्वारा फ्लावर शो-2026 अंतर्गत साबरमती रिवरफ्रंट पर इवेंट ग्राउंड में डिसप्ले के लिए लगाए गए मौसमी पौधों की देखभाल करने के लिए ट्रैक्टर या पाइप जैसी पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों के स्थान पर 10,524 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्प्रिंकलर इरीगेशन नेटवर्क सिस्टम स्थापित किया गया है।

आगंतुकों की सुविधा हेतु चार विशेष प्रवेश द्वार

गेट नंबर 1 – फ्लावर पार्क, एलिसब्रिज के पास, रिवरफ्रंट पश्चिम

मल्टीलेवल कार पार्किंग फुटओवर ब्रिज के ऊपर से

गेट नंबर 4 – इवेंट सेंटर, रिवरफ्रंट पश्चिम

पूर्व प्रवेश – अटल ब्रिज का पूर्वी छोर, रिवरफ्रंट पूर्व

टिकट दर एवं समय

आगंतुकों के लिए सोमवार से शुक्रवार प्रवेश शुल्क 80 रुपए तथा शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिनों में प्रवेश शुल्क 100 रुपए रहेगा। इसके अतिरिक्त, सभी प्रकार के दिव्यांगजनों, सैनिकों, 12 वर्ष या उससे कम आयु के बच्चों तथा अहमदाबाद महानगर पालिका संचालित स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए सभी दिनों में निःशुल्क प्रवेश रहेगा।

अहमदाबाद महानगर पालिका के अलावा अन्य स्कूलों के बच्चों के लिए सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 से 1 बजे तक प्रवेश शुल्क 10 रुपए रहेगा। इसके अतिरिक्त, आगंतुकों के लिए सुबह 8 से 9 बजे तथा रात 10 से 11 बजे तक प्राइम टाइम स्लॉट में प्रवेश शुल्क 500 रुपए रहेगा।

## पीएनजी ज्वेलर्स ने लाइटस्टाइल बाय पीएनजी के साथ विकास के अगले पड़ाव को गति दी, सारा तेंदुलकर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

पुणेः पीएनजी ज्वेलर्स के समकालीन हल्के वजन वाले उत्तम आभूषण ब्रांड लाइटस्टाइल बाय पीएनजी ने सारा तेंदुलकर को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है. यह कदम भारत के भविष्य के ज्वेलरी उपभोक्ताओं से ब्रांड के जुड़ाव को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

यह साझेदारी पीएनजी ज्वेलर्स के पुराने ग्राहकों और भविष्य के ग्राहकों के बीच एक धोरणात्मक सेतु के रूप में लाइटस्टाइल की भूमिका को और मजबूत करती है. पीएनजी ज्वेलर्स लगभग दो सदियों से पीढ़ियों से एक विश्वसनीय नाम रहा है, वहीं लाइटस्टाइल को विशेष रूप से आधुनिक रिटेल प्रारूप, समकालीन डिजाइन भाषा और एक सर्वव्यापी अनुभव के माध्यम से अगली पीढ़ी के लिए प्रासंगिक बने रहने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है.

लाइटस्टाइल के पीछे की व्यापक सोच के बारे में बात करते हुए, पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा, ह्लाइफस्टाइल बाय पीएनजी हमारे मौजूदा ग्राहकों और भविष्य के ग्राहकों के जोड़ने का एक अच्छा और दीर्घकालिक प्रयास है. पीएनजी ने पीढ़ियों से विश्वास संपादन किया है, लेकिन हमारे लिए यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम आज के युवा उपभोक्ताओं की सोच, खरीदारी और अभिव्यक्ति के तरीके के अनुरूप बने रहें. लाइफस्टाइल को एक आधुनिक रिटेल फॉर्मेट के रूप में बनाया गया है, जिसमें मजबूत ओमनीचैनल उपस्थिति है और इसे केवल पारंपरिक अवसरों तक सीमित न रखकर रोज के पलों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है. यह कोई शार्ट टर्म स्टाइल पहल नहीं है, बल्कि पीएनजी के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक क्षेत्र है, जिसमें मर्चेंडाइजिंग, प्लानिंग, मार्केटिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विशेष ध्यान दिया गया है. हमारे पायलट स्टोर्स को मिली उत्साहजनक प्रतिसाद ने हमें प्रमुख बाजारों में ब्रांड को संरचित तरीके से विस्तार करने का आत्मविश्वास दिया है.'

सारा तेंदुलकर की स्वाभाविक शालीनता, आधुनिक दृष्टिकोण और मजबूत डिजिटल जुड़ाव उन्हें ब्रांड की विचारधारा के लिए एकदम उपयुक्त बनाते हैं. इंस्टाग्राम पर 8.9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ, उन्हें उनकी आकर्षक स्टाइल, प्रामाणिकता और संतुलित व्यक्तिमत्व

मार्केटिंग और ई-कॉमर्स प्रमुख हेमंत चव्हाण ने कहा, ह्सारा उन युवा महिला की सोच का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनके लिए लाइटस्टाइल बनाया गया है – आत्मविश्वास से भरपूर, आधुनिक और अपने तरीके से अभिव्यक्त. युवा दर्शकों के साथ सहजता से जुड़ने की उनकी क्षमता,

है.

लाइफस्टाइल बाय पीएनजी एक स्वतंत्र बिजनेस वर्टिकल के रूप में काम करता है, जो उन महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो पारंपरिक या त्योहारों के अलावा भी आभूषण खरीदती हैं, चाहे वह स्वयं के लिए हो, गिफ्टिंग हो या रोज के




के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता है. उत्कृष्ट डिझाइन, सादगीपूर्ण और आराम को प्राथमिकता देने वाले फैशन के प्रति उनकी पसंद, लाइटस्टाइल के डिजाइन सिद्धांतों के साथ पूरी तरह से मेल खाती है.

इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए सारा तेंदुलकर ने कहा, ह्लाइटस्टाइल सहजता और व्यक्तित्व की भावना को दशार्ता है, जो मुझे बहुत स्वाभाविक लगता है. इसकी ज्वेलरी हल्की, सोच-समझकर डिजाइन की गई है और रोज की ज़िंदगी के लिए उपयुक्त है, जिससे यह साझेदारी मेरे लिए वास्तव में रोमांचक बन जाती है.'

इसी बात को आगे बढ़ाते हुए, लाइटस्टाइल बाय पीएनजी के लाइटस्टाइल की उस महत्वाकांक्षा को मजबूत करती है कि वह भविष्य के उन उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा ज्वेलरी डेस्टिनेशन बने जो डिजाइन, सहजता और प्रामाणिकता को महत्व देते हैं'.

ब्रांड एंबेसडर के रूप में, सारा तेंदुलकर ब्रांड और कलेक्शन अभियानों में नजर आएंगी, डिजिटल पहलों, मीडिया इंटरैक्शन में भाग लेंगी और प्रमुख स्टोर लॉन्च में शामिल होंगी. इसके अलावा वह चुनिंदा कलेक्शन के लिए स्टाइल म्यूज के रूप में भी काम करेंगी. दो साल की यह साझेदारी दिसंबर 2025 में शुरू होगी, और सारा के साथ डिजाइन किए गए कलेक्शन मार्च 2026 से लॉन्च किए जाने की योजना पलों के लिए. यह ब्रांड एक सशक्त ओमनीचैनल दृष्टिकोण अपनाता है जो भौतिक स्टोर, डिजिटल प्लेटफॉर्म और कंटेंट आधारित एंगेजमेंट को एकीकृत करता है.

पुणे और गोवा में पायलट स्टोरों से मिली उत्साहजनक प्रतिसाद के बाद, लाइटस्टाइल अब सुनियोजित विस्तार के लिए तैयार है. ब्रांड का लक्ष्य वित्त वर्ष 2028 तक लगभग 50 स्टोर्स तक विस्तार करना है, जिसमें कंपनी के स्वामित्व और फ्रेंचाइजी के दोनों प्रारूप शामिल होंगे, साथ ही एक ऑनलाइन स्टोर और ऐप भी होगा. विस्तार का प्रारंभिक चरण महाराष्ट्र पर केंद्रित होगा, जिसके बाद भारत के अन्य हिस्सों में विस्तार किया जाएगा.

## नौहझील पुलिस ने दबोचा एक तस्कर : भारी मात्रा में गांजा बरामद



मथुरा (जीएनएस)। थाना नौहझील क्षेत्र स्थित शेरगढ़ से पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी नौहझील सोनू सिंह पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में जुटे हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि शेरगढ़ रोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास एक मादक पदार्थ तस्कर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सोनू सिंह पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे शातिर मादक पदार्थ तस्कर राहुल पुत्र सुरेश निवासी होली वाली गली कस्बा नौहझील को पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर की तलाशी ली तो उसके पास से 1 किलो 180 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

## वार्षिकोत्सव के साथ संपन्न हुआ प्रमाणपत्र वितरण समारोह




प्रेमनगर कस्बे में 01 जनवरी 2022 से संचालित न्यू ग्लोबल स्किल कंप्यूटर एकेडमी, मंडवा रोड, प्रेमनगर में वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ की गई। एकेडमी के डायरेक्टर आशुतोष कुमार (सोनू मोदनवाल) ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक के साथ-साथ सावधानी भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर छात्रों को कंप्यूटर की उपयोगिता, वर्तमान एवं भविष्य में तेजी से प्रचलित हो रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की आवश्यकता और उसके व्यावहारिक उपयोग से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर अजय प्रताप सिंह, सेंटर मैनेजर प्रभात कुमार एवं सहयोगी अवधेश साहू द्वारा केक काटकर वार्षिकोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया गया। समारोह में लगभग 60 छात्र उपस्थित रहे, जिनमें प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके लगभग 40 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

एकेडमी में CCC, O Level, ADCA, Tally Accou»»fti»»fg सहित अन्य व्यावसायिक कंप्यूटर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और नववर्ष के संकल्पों के साथ किया गया।

## छाता पुलिस ने अवैध असलाह समेत एक बदमाश पकड़ा



मथुरा (जीएनएस)। थाना छाता क्षेत्र स्थित बरसाना रोड़ से पुलिस ने अवैध हथियार समेत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी छाता कमलेश सिंह और कस्बा चौकी प्रभारी राहुल चौधरी पुलिस टीम के साथ संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि बरसाना रोड़ स्थित माइनर की पटरी पर एक बदमाश अवैध हथियार लेकर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमलेश सिंह और कस्बा चौकी प्रभारी राहुल चौधरी पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर वहां खड़ा शातिर बदमाश भागने लगा। पुलिस ने भागने का प्रयास कर रहे रिंकू पुत्र बिजेन्द्र निवासी गांव चैनपुरा सैमरी थाना छाता को घेरकर दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिर की तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

## मदागंज राहुल महाराज जन्मदिन के अवसर पर समाजसेवी ने वितरित किए कंबल



खागा तहसील के मोहम्मदपुर गौती अंतर्गत मदागंज निवासी वरिष्ठ समाजसेवी पंडित अशोक पाण्डेय जी के जन्मदिन के पावन अवसर पर उनके सुपुत्र आचार्य राहुल पाण्डेय द्वारा एक सराहनीय कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर ह्साधना सेवा समितिह्व की नींव भी रखी गई, जिसके माध्यम से भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन एवं कन्या विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 250 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। लाभार्थियों में मदागंज, गंज, बाकरगंज सहित आसपास के गांवों की विधवा एवं बुजुर्ग महिलाएं, पुरुष तथा बच्चे शामिल रहे। ठंड के मौसम में इस मानवीय पहल ने जरूरतमंदों को राहत प्रदान की और समाज में सेवा भावना का संदेश दिया।

इस अवसर पर आचार्य पंडित राहुल पाण्डेय ने कहा कि ह्नर सेवा ही नारायण सेवा हैह्व और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही समिति का मुख्य उद्देश्य होगा। कार्यक्रम में भगौती प्रसाद पाण्डेय, राजकुमार सिंह फौजी, सुशील कुमार द्विवेदी, भानु प्रसाद, अजय प्रताप सिंह चौहान, अवधेश साहू, प्रभात कुमार, भोला जायसवाल, विजय सिंह यादव (सचिव) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन आशुतोष कुमार (सोनू मोदनवाल) द्वारा किया गया, जिन्होंने सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्थान पर सारगर्भित विचार रखे। आयोजन ने क्षेत्र में सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदना को मजबूत करने का कार्य किया।

## ग्रामीण पत्रकारिता के पुरोधा स्व. श्री बाबू बालेश्वर लाल जी को किया नमन

### कार्यक्रम में संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के जीवन चरित्र और कृतित्व का किया स्मरण

(जीएनएस)।

फतेहपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन फतेहपुर में जिला कार्यालय पर स्व. श्री बाबू बालेश्वर लाल जी की 95 वीं जयंती रूद्रपुर खंभापुर स्थित कार्यालय में सादगी के साथ मनाई गई। जयंती पर प्रांतीय सदस्य व दैनिक अमर चेतना के संपादक अमरजीत सिंह व जिलाध्यक्ष कुमुद तिवारी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं यूनिवर्सिटी टाइम्स के संपादक सुजान सिंह गौतम, न्यूज ऑफ फतेहपुर के संपादक नरेंद्र श्रीवास्तव व फतेहपुर समीक्षा अखबार के संपादक महेश त्रिपाठी ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। ग्रामीण पत्रकारिता को संगठित रूप देने वाले, आंचलिक पत्रकारों को पहचान दिलाने वाले और उनके अधिकारों की लड़ाई में सदैव अग्रणी रहने वाले ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. श्री बाबू बालेश्वर लाल जी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को शत-शत नमन किया गया।

बलिया की क्रांति भूमि पर जन्मे बाबू बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण क्षेत्रों की आवाज को अखबारों के मुख्य पृष्ठ तक पहुंचाने का कार्य किया और छोटे-छोटे गाँव, कस्बों के पत्रकारों को मंच देकर उनकी पहचान स्थापित की।

समाज और मीडिया जगत में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है। उन्होंने न केवल ग्रामीण पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष किया, बल्कि एक सशक्त संगठन तैयार कर पत्रकारिता को नई दिशा प्रदान की। ग्रामीण पत्रकारिता को गौरव प्रदान करने वाले इस महान व्यक्तित्व को आंचलिक पत्रकारों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बालेश्वर लाल का जीवन आदर्श और प्रेरणा का स्रोत है।

## राया पुलिस ने पकड़ा एक मादक पदार्थ तस्कर : भारी मात्रा में गांजा हुआ बरामद




मथुरा (जीएनएस)। थाना राया क्षेत्र स्थित सुथरिया कट के पास से पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी राया रविभूषण शर्मा पुलिस टीम के साथ संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि जयपुर-बरेली हाईवे पर सुथरिया कट के पास एक मादक पदार्थ तस्कर खड़े हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविभूषण शर्मा पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे मादक पदार्थ तस्कर निर्भय पुत्र रामवीर निवासी गांव बिरहना थाना राया को दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रीय भागीदारों आंदोलन - प्रथम नेतृत्व, अखंड आदर्श भारत संकल्प दिवस– पीसी कुरील

(जीएनएस)।

01 जनवरी 2026लखनऊ – राष्ट्रीय भागीदारों आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय पीसी कुरील जी के ७०वें जन्म दिवस को 'प्रथम नेतृत्व, अखंड आदर्श भारत' संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।





इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव मुर्तजा अली जी हलीमा अजीम पूर्व विधायक राम लाल जसबीर सिंह गांधी साईक सिद्दीकी खाँ' साहब, पूर्व ,ऄाँ, पूर्व कऄर, कद्धर आदि कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लेकर आंदोलन के दृष्टिकोण को पुनः प्रतिबद्ध किया।

राष्ट्रीय महासचिव मुर्तजा अली आज हम पीसी कुरील जी के नेतृत्व में एकजुट होकर अखंड भारत की संकल्पना को साकार करने का संकल्प ले रहे हैं। इस आंदोलन का मूल उद्देश्य सामाजिक समरसता, विकास और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। हम सभी मिलकर इस दिशा में निरंतर कार्य करेंगे।'

समारोह में उपस्थित सभी ने कुरील जी के विचारों को आगे बढ़ाने और राष्ट्र के भविष्य के प्रति दृढ़ संकल्प को बल देने का वचन दिया।